रफ्तार का तांडव | भोजन कर रहे मजदूरों को रौंदते हुये भागी सफद रंग की कार, मची चीख पुकार

# हिट एंड रन : बेलगाम कार ने श्रमिकों को कुचला, 2 की मौत, 11 घायल



### सड़क पर तड़पते रहे घायल

घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक भाग निकला। वहीं घायल खून से लथपथ सड़क पर तड़पते रहे। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 को सूचित किया। जिसके बाद एम्बुलेंस पहुंची और घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया है।

**नेशनल हाइवे बरेला सिग्मा कान्हा के पास हुआ दर्दनाक हादसा**

**नवभारत, जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत नेशनल हाइवे सिग्मा कान्हा के पास रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने ताड़ंव मचाते हुए 13 श्रमिकों को कुचल दिया। बेकाबू कार चालक कुछ मजदूरों को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। जिसमें 2 की मौत हो गई जबकि 11 घायल हो गए। हादसे से मौके पर चीख पुकार मच गई वहीं घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। बाद में सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां कुछ की हालत में नाजुक बताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नेशनल हाइवे सिग्मा कान्हा के पास डिवाइडर ग्रिल पर रंगाई, पुताई और सफाई का काम चल रहा था। मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के बिहारिया गांव के निवासी श्रमिक पिछले डेढ़ महीने से यहां मजदूरी कर रहे थे। रविवार को काम करने के बाद श्रमिक सड़क किनारे लंच कर रहे थे इसी दौरान दोपहर डेढ़ बजे सफेद रंग की कार आई और चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक एवं तेज रफ्तार में चलते हुए श्रमिकों को कुचल दिया। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कार चालक भाग निकला। बरेला थाना प्रभारी अनिल पटेल ने बताया कि आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आसपास के कैमरों और टोल नाकों के सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है आरोपी कार चालक की तलाश जारी है।

### कलेक्टर व एसपी पहुंचे इलाज की व्यवस्था देखी

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने घटना की जानकारी मिलते ही मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों के इलाज की व्यवस्था देखी और संबंधित चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए।

### रोते बिलखते रहे परिजन, पसरा मातम

हादसे के बाद मातम पसर गया। मामले की सूचना मिलते ही परिजन भी शहर पहुंच गए। चीख पुकार मची रही। परिजन रोते बिलखते रहे। उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि रोजी रोटी की तलाश में मजदूरी करने जबलपुर आए उनके अपने अब इस दुनिया में नहीं रहे।

### इनकी हुई मौत

हादसे में गंभीर चोटें आने से चैनवती बाई 40 वर्ष और लच्छो बाई 40 वर्ष की मौत हो गई। जबकि दो की हालत नाजुक बताई जा रही है ।

### ये हुए घायल

हादसे में गीता बाई उईके 40 वर्ष, गुमशा बाई 40 वर्ष, मीराबाई 45 वर्ष, राजकुमारी बाई 35 वर्ष, वर्षा कुशराम, 45 वर्ष, जमुना बाई 40 वर्ष, सपना बाई 40 वर्ष, कृष्णा बाई 40 वर्ष, छोटी बाई 35 वर्ष, भगवती उइके 35 वर्ष, ज्ञानवती बाई 41 वर्ष, लक्ष्मी गौंड 40 वर्ष को चोटें आई है।

### हादसा भीषण, सात से आठ श्रमिक गंभीर



राहगीर समीर श्रीवास्तव ने बताया कि वे अपने वाहन से जा रहे थे तभी एक कार आई और भोजन कर रहे श्रमिकों को रौंदते हुए चली गई। उन्होंने बताया कि हादसा भीषण था और कार ने इतनीबुरी तरह से श्रमिकों को कुचला है कि उन्हें गंभीर चोटें आ गई। सात से आठ श्रमिकों को गंभीर चोटें आई है।

### अचानक कार आई, कुचलते हुए भाग गई



मजदूर महंत उइके ने बताया कि काम करने के बाद हम सभी दोपहर में खाना खा रहे थे तभी अचानक तेज रफ्तार कार आई और सभी को कुचलते हुए भाग गई जब तक समझ में आया तब तक साथी मजदूर घायल अवस्था में सड़क किनारे तड़पते हुए पड़े थे।

### बैरिकेडिंग तोड़ श्रमिकों पर चढ़ाई कार



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पल्लवी शुक्ला के अनुसार सिग्मा कॉलोनी के सामने एकता चौक के पास मजदूर सड़क पर डिवाइडर रेलिंग लगाने समेत अन्य काम में लगे थे और काम के बीच में लंच कर रहे थे इस दौरान बैरिकेडिंग लगी थी। इस दौरान सफेद रंग की बिना नंबर की कार आई और बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए कार चालक ने श्रमिकों पर कार चढ़ा दी। दो की मौत हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासनिक टीम अलर्ट हुई और घायलों को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया। आरोपी कार चालक की तलाश जारी है।

## दफ्तरों के गलियारे

### जब साहब से ही है सेटिंग तो डर कैसा!



जिले में धान उपार्जन का कार्य अंतिम चरण पर चल रहा है, जिसमें प्रशासनिक तौर पर तो सख्ती दिखाई जा रही है। बावजूद उसके गड़बड़ी और घपलेबाजी का खेल तो खरीदी केंदों पर चल रहा है। जहां साहबों की ड्यूटी तो लगी है, लेकिन सिर्फ कागज़ों पर दिखाने के लिए। जबकि इनमें से कई साहबों की तो केंद्रों पर सेटिंग हो रखी है, अगर केंद्रों पर गड़बड़ी होती भी रहेगी तो साहबों के आंखों में समितियों के प्रभारियों ने पहले से ही कमीशन की पट्टी बांध दी है, जिसके कारण उन्हें गड़बड़ियां नजर ही नहीं आती। गौरतलब है कि कई केंद्रों पर कम तौल, किसानों से पैसों की मांग, बोरियों पर किसानों के नाम ना होना, नॉन एफएक्यू धान खरीदना जैसी शिकायतें सामने आई थी, कुछ केंद्रों पर साहबों को जांच में गड़बड़ी मिली भी थी, लेकिन साहबों ने अपने चहेतों को छोड़कर कुछ ही समितियों पर कार्यवाही हुई है। इसलिए गड़बड़ी करने वाले भी निश्चिंत रहते हैं कि जब साहब से ही सेटिंग है तो डर कैसा.. !

### नहीं छूट रहा गद्दी का मोह



बात सूबे के सबसे बड़े रेलगाड़ी कार्यालय के मंडल में पक रही खिचड़ी के ऊपर है, जहां कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी से अपनी गद्दी का मोह नहीं छूट रहा है। सोने पर सुहागा तो ये हो गया कि यहां से 15 सौ किमी दूर बैठी एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी का भी यही हाल है। अब ये अंदरूनी खींचतान रेलवे न्यायालय तक पहुंच गई है। देखने वाली बात यह होगी कि एक मंडल से दूसरे मंडल किए गए तबादले को क्या खारिज किया जाएगा, या फिर बोर्ड द्वारा दिए गए आदेशों का पालन करना पड़ेगा। बहरहाल वर्तमान की स्थिति देखकर तो यही कयास लगाए जा सकते हैं कि दोनों ही अधिकारी अपने-अपने मंडलो में बहुत खुश हैं।

### आखिर कहां से जबलपुर आ गए साहब



इतने बढ़िया तरीके से दाना-पानी चल रहा था कहां से ये नए साहब जबलपुर आ गए और हम लोगों की फजीहत खड़ी कर दिए.....कुछ इस तरह की बातें नगर निगम मुख्यालय के ऐसे आउटसोर्स कर्मचारी कहते हुए नजर आ रहे हैं जिन्हें विगत सितंबर माह से वेतन नहीं मिला है। क्योंकि इन कर्मचारियों ने ई-अटैंडेंस के तहत हाजिरी नहीं लगाई है। विदित हो कि निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा नगर निगम में आउटसोर्स कर्मचारियों के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार की पोल खोलने 1 सितंबर से चेहरा पहचान ई अटैंडेंस व्यवस्था लागू की गई थी। इस व्यवस्था के बाद नगर निगम में पंजीकृत 7200 अधिकारी-कर्मचारियों में से बीते 4 माह में 1500 कर्मचारी गायब हो चुके हैं। ये कर्मचारी पिछले कई सालों से नगर निगम के खजाने में से वेतन लेते रहे हैं लेकिन अब इनकी दाल नहीं गल पा रही है।

### साहब की खिंचाई से जवान खुश




टीआई साहब की खिंचाई के बाद जवानों में खुशी का ठिकाना न रहा। मामला हेलमेट चेकिंग-नेतागिरी से जुड़ा है जो अब हाईकोर्ट पहुंच चुका है। राजनीतिक दबाव में एकपक्षीय कार्रवाई पर तल्ख टिप्पणी को लेकर जवानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। हाथ की सफाई और बड़े अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकने वाले साहब को लेकर चर्चा है कि वे मिठाई दबाकर खा रहे है। वजन देखकर काम करते हैं, जिसका पलड़ा भारी, उधर ही लुढ़क जाते हैं। इसी पचड़े में अब वे फंस चुके हैं। अब जवाब बड़े साहब को देना बल्कि रिपोर्ट भी पेश करना है। अपने सिपाही को आरोपी बनाने वाले टीआई के हाथ पैर फूले पड़े हैं।

अमन पटेल, धनंजय श्रीवास्तव, विवेक दुबे, अजहर खान

**दो फर्मों पर छापेमारी जारी, दस्तावेजों की जांच, स्टॉक मिलान चल रहा**

## हेराफेरी करने वाली फर्म ने सरेंडर किए 51 .14 लाख



**नवभारत, जबलपुर।** स्टेट जीएसटी की रद्दी चौकी, महाराजपुर एवं बरेला में आयरन-स्टील और सीमेंट की फर्मों पर रविवार को भी कार्रवाई जारी रही। स्टॉक मिलान, कारोबार से जुड़े दस्तावेजों का टीमों ने लेखाजोखा देखा तो बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी के साथ गड़बड़झाला सामने आया। एक फर्म ने 51 लाख 14 हजार रूपए जमा कर दिए है। जबकि दो अन्य फर्मों पर जांच पड़ताल जारी है। दस्तावेजों की जांच के साथ स्टॉक मिलान चल रहा है इसके बाद इन फर्मों ने कितनी गड़बड़ी की है इसका पता चल सकेगा और इसके बाद टैक्स और पेनाल्टी राशि तय होगी। डिप्टी कमिश्नर राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि स्टेट जीएसटी जबलपुर संभाग 1 संयुक्त आयुक्त आर. एम साहू के मार्गदर्शन में अलग-अलग टीमों ने एक साथ रद्दी चौकी स्थित अनिल ट्रेडिंग कंपनी, महाराजपुर स्थित बीएमडब्ल्यू प्राइवेट लिमिटेड और बरेला स्थित दादा ट्रेडिंग कंपनी छापेमारी की है। स्टॉक के साथ दस्तावेजों को खंगाला। क्रय-विक्रय और लेनदेन का लेखा जोखा देखा। फर्मों से जुड़े बिलों और ट्रांजेक्शन को वेरीफाई किया गया है। स्टॉक मिलान किया गया। रविवार को भी तीनों फर्मों में कार्रवाई चली। रद्दी चौकी स्थित अनिल ट्रेडिंग कंपनी में भारी गड़बड़ियां सामने आई। जिसके बाद उक्त फर्म ने 51 लाख 14 हजार रूपए जमा कर दिए है । जबकि बीएमडब्ल्यू प्राइवेट लिमिटेड और दादा ट्रेडिंग कंपनी में कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई के दौरान असिस्टेंट कमिश्नर वंदना सिन्हा, राजेन्द्र कुसराम, मुकुल गुप्ता, ज्ञानचंद्र गुप्ता, रूचि सोनी, ज्योति सोनी, उषा करोले समेत अन्य शामिल रहे।

### चैकिंग से 101 करोड़ का राजस्व प्राप्त

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसंबर 2025 तक कुल 14 लाख 65 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 101 करोड़ 16 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है। निरीक्षकों ने बिना टिकिट अनबुक्ड लगेज अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 28 हजार प्रकरण से रेलवे ने 1 करोड़ 72 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

## जबलपुर होकर चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** उत्तर मध्य रेलवे ने कानपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच विशेष साप्ताहिक ट्रेन व्हाया पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर होकर चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन 30 जनवरी से 27 फरवरी के बीच कानपुर सेंट्रल से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए खुलेगी, जबकि लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 31 जनवरी से 27 फरवरी के बीच चलेगी। साप्ताहिक ट्रेन कानपुर से प्रत्येक शुक्रवार को खुलेगी, जबकि लोकमान्य तिलक टर्मिनल से प्रत्येक शनिवार को खुलेगी। 22 डिब्बों की गाड़ी में सामान्य श्रेणी के आठ डिब्बे रहेंगे, जबकि स्लीपर के 9 डिब्बे, वातानुकूलित थ्री-टियर स्लीपर के चार डिब्बे और वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का स्लीपर एक डिब्बा रहेगा।


।। श्री महावीराय नमः ।। ईमेल : arihantlee@gmail.com
पदम कुमार बोथरा
फारेस्ट कान्ट्रेक्टर
पदम बोथरा 9424955756, 9827590805
अरिहंत बोथरा 9993111102
बांस, बल्ली, कंटम, चैली, राफ्टर पटिया, प्लाई एवं सीढ़ी के थोक व फुटकर विक्रेता
हाऊबाग स्टेशन रोड, जबलपुर


## निगरानी बदमाश की नहर में डूबने से मौत

**हत्या या हादसा : छानबीन में जुटी पुलिस**



**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत पड़रिया नहर में डूबने से निगरानी बदमाश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि मृतक दोस्तों के साथ जन्मदिन पार्टी के लिए घर से निकला था। लेकिन लौट नहीं। चिंतित परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की लेकिन जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। इसी दौरान पनागर थाना पुलिस को सूचना मिली कि पड़रिया नहर में युवक का शव और बाइक पड़ी है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। मामले में पुलिस हत्या, हादसा एंगल पर छानबीन कर रही है । जानकारी के मुताबिक नितिन ठाकुर निवासी माढ़ोताल का निगरानीशुदा बदमाश था वे अपना जन्मदिन मनाने के लिए पड़रिया गांव दोस्तों के साथ गया था। वे बर्थडे पार्टी मनाकर जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की उसका कुछ पता नहीं चल रहा था उसका मोबाइल भी लगातार बंद आ रहा था। जिससे परिजन चिंतित हो गए थे। इसी बीच पनागर पड़रिया नहर में उसका शव और बाइक पड़ी मिली। पुलिस का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा मामले की विस्तृत जांच की जा रही हैं जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। यह भी आशंका जाहिर की जा रही है कि जब नितिन बर्थडे पार्टी मनाकर लौट रहा था तभी रास्ते में उसकी बाइक अनियंत्रित होगी और वे नहर में गिर गया होगा जिससे उसकी मौत हो गई। नितिन का शव और बाइक घटनास्थल से करीब 2 किलोमीटर दूर नहर में मिली है। पुलिस का कहना है कि हर एंगल पर जांच पड़ताल चल रही है। पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## चलती ट्रेन से दिया धक्का



**जबलपुर, नवभारत।** शहर से खाटू श्याम के दर्शन करने गये एक युवक ने वापसी में ट्रेन के अंदर एक युवती के साथ कुछ युवकों द्वारा छेडख़ानी करना शुरू किया, जिस पर उसने युवती के सम्मान की रक्षा के लिए आवाज उठाई तो दरिंदों ने उसे चलती ट्रेन से फेंक दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें पहुंची है बताया जाता है कि जबलपुर जिले के मदनमहल थाना क्षेत्र के शुक्ला नगर केवट मोहल्ला निवासी अरविंद केवट (33) अपनी बहन के साथ श्रद्धा और विश्वास के साथ 14 जनवरी को खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए निकला था। लेकिन यह धार्मिक यात्रा उसके जीवन की सबसे भयावह याद बन जाएगी, यह उसने कभी नहीं सोचा था। दर्शन के बाद अरविंद अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस से जबलपुर लौट रहा था। शाम को यात्रा के दौरान उसकी बहन किसी अन्य डिब्बे में बैठ गई। टोंक जिले के निवाई के पास बहन को तलाशते समय उसने देखा कि एक युवती शौचालय के पास सहमी खड़ी है और तीन युवक उसके साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। उसके विरोध से आरोपी कुछ पल के लिए पीछे हटे, लेकिन उनकी हिंसक मानसिकता चुप नहीं हुई।


अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
मुँहासे | झांइयाँ | सफेद दाग | खुजली | दाद | चर्म रोग | हेयरफॉल | रंग गोरा करें
स्किन हेयर एण्ड सौन्दर्य क्लीनिक
तुरन्त हटाये तिल, मस्से, टैंटू, सफेद दाग
(सोमवार मंगलवार बुधवार)
डॉ. ए.कुमार
B.Sc., B.H.M.S (Skin & VD) Pune
C.C.C.L.A.M (Cosmetologist) IICSAM,
C.C.M.T (Trichologist) IICSAM
पता- 846, छत्रपति भवन, राईट टाउन, नया महावीर जैन मंदिर, गोल बाजार, जबलपुर (म.प्र.)
मो. नं. 9307854830, 7389098734



SPARK CONVENT SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-2026
सम्पर्क
Branch-1: New Kanchanpur, Near Neher, Adhartal, Jabalpur MP (Nursery to 8th)
Branch-2: Vatsala Hill View, Sainik Society, Shakti Nagar, Gupteshwar, Jabalpur MP (Nursery to 5th)
Ph. 0761-4923248, Mob. 9425868370



MAHARISHI VIDYA MANDIR & MAHARISHI KIDS HOME
NAPIER TOWN JABALPUR
(Affiliated to C.B.S.E. Affiliation No. 1030295)
Special Discount in Admission Fee
ADMISSION OPEN 2026-27
* Co-Ed English Medium School
* Play Nursery- XII(12th- All Stream)
756, Napier Town Jabalpur (MP)
Phone : 0761-2411124, 4004988
Mobile No. : 9179701523, 7974333753
E-mail : mvmjabalpur2@mssmail.org
ब्रह्मलीन महर्षि महेश योगी जी
Brahmachari Dr. Girish Ji Chairman MVM School Group



SHIVAM CERAMIC JABALPUR
QUTONE
महाकौशल का सबसे बड़ा शो-रूम
टाइल्स, इटैलियन मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी वेअर
GROHE, Bath Fitting, QUTONE, COLORTILE, SERON & LAVISH टाइल्स की आधुनिक रेंज
MG शो-रूम के बाजू में, नागपुर रोड, मदन महल, जबलपुर - 9425188774, 8224045555



नवभारत
आवश्यकता है
पद की योग्यता
देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।
एकाउंटेंट (2 वर्ष का अनुभव एवं बी.कॉम. व टेली )
डीटीपी ऑपरेटर (5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)
मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (3 वर्ष का अनुभव एवं बी.कॉम/ बीबीए)
सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव (2 वर्ष का अनुभव एवं बीए/बी.कॉम)
नोट- स्वयं का वाहन और कम्प्यूटर में दक्षता अनिवार्य।
ऑफिस बाय (5 वर्ष का अनुभव एवं 10 वीं पास )
संपर्क करें
कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
(दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक )
9752721239, 8305852507, 9109700824
hr.navabharat1934@gmail.com


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57